

# रक्तदान करें

# क्या आप जानते हैं...
## रक्तदान के बारे में



नि:शुल्क परामर्श हेतु डायल करें
**1097**


JSACS

**झारखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति**

सदर अस्पताल परिसर, रांची,

Phone: 0651-2211018, Fax: 0651-2210380

E-mail : Jharkhandsacs@gmail.com, Website : Jsacs.org.in

## रक्तदान क्यों?

- मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है।
- इसका कृत्रिम निर्माण नहीं हो सकता है।
- केवल मानव ही किसी जरुरतमंद मानव को रक्त दे सकता है।
- रक्त लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रखा जा सकता। अतः रक्त भंडारण के नवीनीकरण के लिए लगातार रक्तदान की आवश्यकता होती है।
- आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी ऐसे व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है जिन्हें किसी दुर्घटना, ऑपरेशन या प्रसव आदि के दौरान रक्त की आवश्यकता पड़ती है।
- रक्त की आवश्यकता कैंसर के मरीजों और अत्यधिक रक्तश्राव, थैलेसीमिया तथा एनीमिया के गंभीर रोगियों को भी पड़ती है।
- कोई नहीं जानता कि रक्त की कब, कहां और किसे जरुरत पड़ जाएगी।
- समाज एक अच्छे और नियमित रक्तदाता को उसकी स्वयं की आवश्यकता के दौरान हर किसी की ओर से सुनिश्चित रक्त उपलब्ध कराता है।
- जब आप रक्तदान करते हैं तो आपको अपने रक्त समूह की जानकारी मिलती है और आप अपने स्वास्थ्य की मुफ्त जाँच करा पाते हैं।

## रक्तदान कौन कर सकता है?

- कोई स्वस्थ्य व्यक्ति जिसकी आयु 18 से 65 वर्ष के बीच हो और जिसका वजन न्यूनतम 45 किलाग्राम हो, रक्तदान कर सकता है।

## आप कितना रक्तदान कर सकते हैं?

- आपके शरीर में लगभग 5 लीटर रक्त होता है। आप बिना किसी कठिनाई के एक समय में 350 मिलीलीटर तक रक्तदान कर सकते हैं। आपका शरीर इस कमी को बहुत शीघ्र ही पूरा कर लेता है।
- आपके शरीर में हर समय रक्त बनता है और नष्ट होता रहता है, चाहे आप रक्तदान करें या ना करें। आप जैसे ही रक्तदान करके वापस लौटते हैं, दिये हुए रक्त की पूर्ति होनी आरम्भ हो जाती है। केवल 24 से 36 घण्टों के अन्दर दान किये गये रक्त की पूर्ति होनी आरम्भ हो जाती है। नए रक्त कण बनने में थोड़ा समय लगता है।
- कोई व्यक्ति प्रत्येक तीन महीने के अंतराल में सुरक्षित रक्तदान कर सकता है, यानि एक वर्ष में तीन से चार बार रक्तदान कर सकता है।

## क्या रक्तदान सुरक्षित है?

- रक्तदान के दौरान या उसके बाद किसी तरह की बेचैनी या कमजोरी महसूस नहीं होती है।
- रक्तदान के तत्काल बाद आप अपने सामान्य क्रियाकलाप जारी रख सकते हैं।

## एक युनिट रक्तदान करने का तरीका:

- रक्तदाता का नाम तथा व्यक्तिगत ब्योरा दर्ज किया जाता है।
- संक्षेप में किसी बिमारी अथवा चिकित्सा के बारे में पूछा जाता है। इस पूछताछ का उद्देश्य रक्तदाता के स्वास्थ्य तथा रक्त देने की योग्यता के बारे में जानना है। ऐसा रक्त प्राप्त करने वाले की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी किया जाता है। रक्तदाता का अनिवार्य निरीक्षण किया जाता है जिसमें रक्तचाप, नाड़ी की गति तथा ताप मापा जाना शामिल है।
- रक्तदान की वास्तविक प्रक्रिया में केवल 5-7 मिनट ही लगते हैं।
- रक्तदान के पश्चात रक्तदाता को 10 मिनट तक आराम करने को कहा जाता है तत्पश्चात कुछ खाने को दिया जाता है।

## रक्तदान कहाँ कर सकते हैं?

- किसी भी लाइसेंस प्राप्त रक्त बैंक में।
- रक्तदान शिविरों में।

## रक्तदाता बहुत महत्वपूर्ण है:

- रक्त जीवन का वह उपहार है जो उसके द्वारा दिया जाता है जिसके पास यह है तथा उन्हें दिया जाता है जिन्हें इसकी जरुरत है। अन्य लोगों का प्रेम तथा उनके साथ अपना कुछ बांटने की भावना ही रक्तदाता को औरों से अलग करता है।
- प्रत्येक मिनट आपातकालीन स्थिति होती है। वह रोगी जिसे रक्त की जरुरत है, उसके लिए यही आपात स्थिति है। यदि रक्त उपलब्ध न हो तो उसके जीवन को खतरा हो सकता है।

**जिम्मेदार बनें, रक्तदान करें,**
**जीवन बचाने में सहायता करें।**